Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 50 रायपुर, रविवार 16 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

बगिया में बच्चों संग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मनाई रंगों की होली, हंसी-ठिठोली भी की

रायपुर, 16 मार्च (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गांव के बच्चों के साथ होली का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया और उनके संग रंगों की खुशियां साझा की। बगिया के मंझापारा गांव में होली के रंगों से सराबोर बच्चों का मुख्यमंत्री के प्रति उत्साह और अपनापन देखते ही बनता था, जब वे अपने गांव के पुरोधा और प्रदेश के मुखिया से मिलने उनके निवास पहुंचे, तो दृश्य किसी पारिवारिक उत्सव जैसा प्रतीत हुआ। मुख्यमंत्री साय ने अपने निज निवास पर बच्चों की टोली का आत्मीय स्वागत किया और खुद भी उनके संग होली के रंगों में रंग गए। उनकी सहजता और सादगी ने बच्चों को बेझिझक उनसे मिलने और घुल-मिलकर बातचीत करने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री ने न केवल बच्चों से उनका हालचाल जाना, बल्कि उन्हें मिठाई खिलाई और उनके साथ ठहाके लगाते हुए हंसी-ठिठोली भी की। बच्चों ने बताया कि वे पूरे गांव में होली खेलते हुए मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे हैं और जब वे वहां पहुंचे तो मुख्यमंत्री ने भी उनके संग पूरी आत्मीयता से रंग-गुलाल खेला। यह मिलन एक अनोखे उल्लास का प्रतीक बन गया, जिसमें प्रेम, स्नेह और भाईचारे के रंग घुल गए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि होली मेल-जोल, प्रेम और सौहार्द का पर्व है, जो समाज में भाईचारे को और भी मजबूत करता है। इस तरह के उत्सव हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं और हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। गांव के बच्चों के उत्साह और मुख्यमंत्री की आत्मीयता ने इस होली को और भी यादगार बना दिया। यह अवसर केवल रंगों का नहीं था, बल्कि उसमें अपनत्व, स्नेह और खुशियों के अनगिनत रंग घुले हुए थे।

एचटीपीएस में अधिकारियों की लापरवाही से करोड़ों का नुकसान

कोरबा-दर्री, 16 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी दर्री के हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीएस) में अधिकारियों की लापरवाही से संयंत्र के स्विच यार्ड में शुक्रवार को दोपहर लगभग दो बजे भीषड़ आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि संयंत्र के आईटीएस ट्रांसफार्मर को भी अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी से संयंत्र में 30- 35 करोड़ के नुकसान होने की आशंका जताई गई है।

संयंत्र के स्वीच यार्ड और ट्रांसफार्मर में लगी आग

जानकार सूत्र ने बताया कि प्लांट में बनने वाली बिजली को यह ट्रांसफार्मर ग्रिड में भेजने के लिए उपयुक्त करेंट में बदलता है। ऐसे में प्लांट की एक इकाई 210 मेगावाट वाली यूनिट नंबर 3 और 4 से उत्पादन को बंद करना पड़ गया। आगजनी इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते इसकी चपेट में 2 से 3 अन्य ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई। आग इतनी भीषण थी, कि पिछले तीन घंटे से फायर ब्रिगेड का दस्ता इसे काबू करने की कोशिश कर रहा था, किंतु पूरी तरह से आग अब भी कंट्रोल नहीं हुई थी। आसपास से गुजर रहे लोग आग की लपटों को देख वही रुक गए। धुंए का काला गुबार कई किलोमीटर दूर से दिख रहा है। दर्री का संयंत्र 1840 मेगावाट का है, विद्युत संयंत्र। एचटीपीएस दर्री पावर प्लांट में 210 मेगावाट की चार और 500 मेगावाट की एक यूनिट है। अभी जब गर्मी में बिजली की मांग बढ़ गई है, तब इस हादसे से 210 मेगावाट की 2 यूनिट में उत्पादन को भी बंद करना पड़ा है। अभी तक प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि इस घटना में मंडल को 30- 35 करोड़ का नुकसान होने की संभावना जताई गई हैं। ट्रांसफार्मर के अलावा बड़ी क्षति विद्युत उत्पादन बंद करने से होगी। संयंत्र के रखरखाव में लापरवाही इस हादसे का एक बड़ा कारण कहा जा रहा है।

अधिकारियों की लापरवाही से आग

मंडल के कोरबा और जांजगीर स्थित संयंत्र में करोड़ों का लोन चल रहा है। लोन चुकता हुआ नहीं है और सभी संयंत्र में लाईन से आग लग गई है। पहले डीएसपीएम के बॉयलर, मड़वा कोल हैंडिंग प्लांट और अब एचटीपीएस में आगजनी। सभी संयंत्र में अधिकारियों की लापरवाही से आग लगी थी। जब भी संयंत्र में रिकॉर्ड कीर्तिमान स्थापित होता है तो अधिकारी वाहवाही लेने की होड मच जाती है। लेकिन जब आग लगती है तो सभी एक दूसरे पर आरोप मढ़ देते है।

ब्रेकिंग न्यूज

संगीतकार ए आर रहमान अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली, 16 मार्च (न्यूज चैनल)। संगीतकार ए आर रहमान को शरीर में पानी की कमी के कारण यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत ठीक है। रहमान के परिवार ने रविवार को यह जानकारी दी। रहमान की बहन ए आर रेहाना ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''उन्हें पानी की कमी और पाचन संबंधी समस्या थी।'' सूत्रों ने बताया कि ऑस्कर विजेता संगीतकार रहमान (58) को बीती रात अस्पताल में भर्ती कराया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों से बात कर रहमान के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''उन्होंने मुझे बताया है कि वह ठीक हैं और जल्द ही घर लौटेंगे।

राकेश टिकैत की कार का हुआ भीषण दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे

नई दिल्ली, 16 मार्च (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की कार से शुक्रवार शाम मुजफ्फरनगर जिले में एक नीलगाय टकरा गई। इस घटना में टिकैत बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

टिकैत के मुताबिक उनकी गाड़ी मीरापुर बाईपास रोड के पास थी तभी अचानक एक नीलगाय सामने आई और उनकी गाड़ी से टकरा गई। इस घटना में वह बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल और मुजफ्फरनगर से लोकसभा सदस्य हरेंद्र सिंह मलिक व अन्य लोगों ने राकेश टिकैत से उनके आवास पर मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना।

मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को मुजफ्फरनगर में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में राकेश टिकैत ने कहा कि नीलगाय गलत दिशा से आई और वाहन से टकरा गई।

फाग प्रतियोगिता देखकर लौट रहे 3 दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

बालोद, 16 मार्च (हाईवे चैनल)। अर्जुंदा थाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तीन दोस्तों की मौत हो गई है. हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को तत्काल अर्जुंदा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

कार और बाइक में भिड़ंत, तीन दोस्तों की मौत, गांव में पसरा मातम

कोरबा, 16 मार्च (हाईवे चैनल)। सड़क हादसे में तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत होने से इलाके में मातम पसर गया है. जानकारी के मुताबिक, तीनों दोस्त बाइक में सवार होकर जा रहे थे, तभी कार और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई. इस हादसे में मौके पर ही बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई. यह घटना जटगा चौकी के खोडरी के पास की है.

हादसे के बाद घटना स्थल पर राहगीरों की भीड़ लग गई. हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. मृतक की पहचान आदित्य निर्मलकर, सूरज कंवर और तीसरा साथी तीनों दोस्त के रूप में हुई है. सभी मृतक जटगा चौकी अंतर्गत ग्राम बरबसपुर स्कूल बस्ती के रहने वाले थे. पुलिस मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच में जुटी है.

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, 2 की मौत

जगदलपुर, 16 मार्च (हाईवे चैनल)। होली खेलकर नहाने जा रहे दोस्तों की कार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई. तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन भानपुरी लोहंडीगुड़ा मार्ग में अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं 2 युवक घायल हुए हैं. घायलों को लोहंडीगुड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया भर्ती.

जानकारी के मुताबिक, पूरी घटना लोहंडीगुड़ा थाना के घोटिया चौकी क्षेत्र की है. एसयूवी में सवार 9 दोस्त मस्ती के माहौल में होली खेलकर नहाने के लिए जा रहे थे. इसी दौरान भानपुरी लोहंडीगुड़ा मार्ग में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई. दर्दनाक हादसे में 2 की मौत हुई, जबकि 2 घायल हुए हैं. 1 की हालात गंभीर बताई जा रही है, जिसे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है.

नक्सल प्रभावित गांव के 75 घरों में पहली बार पहुंची बिजली

रायपुर, 16 मार्च (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर नक्सल प्रभावित गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई नियद नेल्ला नार योजना से विकास की रोशनी पहुंचने लगी है. इसी के तहत सुकमा जिले के अंतिम ब्लॉक कोंटा के पूवर्ती कैंप अंतर्गत नियद नेल्ला नार ग्राम पंचायत पेंटाचिमली के ग्राम टेकलगुड़ियम के 75 घर आजादी के बाद पहली बार बिजली की रौशनी से दमकने लगे हैं. वहां के निवासियों के जीवन में नई रोशनी आई है.

पाकिस्तान में मारा गया लश्कर-ए-तैय्यबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल

नई दिल्ली, 16 मार्च (न्यूज चैनल)। लश्कर-ए-तैयबा के मोस्ट वांटेड आतंकियों में से एक अबू कताल पर झेलम इलाके में दीना पंजाब यूनिवर्सिटी के पास जीनत होटल के पास हमला किया गया। जैसे ही जिया-उर-रहमान का काफिला गुजरा, अज्ञात बंदूकधारियों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। हमलावरों ने 15 से 20 राउंड फायरिंग की, जिसमें कताल और उसके एक सुरक्षा गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई।

लश्कर-ए-तैयबा के मोस्ट वांटेड आतंकियों में से एक अबू कताल की मौत हो गई है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, कताल को शनिवार शाम पाकिस्तान में गोली मार दी गई। आपको बता दें, कताल जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की साजिश रचने के लिए जाना जाता था। आईटी सूत्रों ने बताया कि कताल (असली नाम जिया-उर-रहमान) पर झेलम इलाके में दीना पंजाब यूनिवर्सिटी के पास जीनत होटल के पास हमला किया गया। जैसे ही जिया-उर-रहमान का काफिला गुजरा, अज्ञात बंदूकधारियों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। हमलावरों ने 15 से 20 राउंड फायरिंग की, जिसमें कताल और उसके एक सुरक्षा गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों के मुताबिक, अबू कताल को पाकिस्तानी सेना की ओर से कड़ी सुरक्षा दी जा रही थी, जिसमें उसकी सुरक्षा के लिए लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी और सादे कपड़ों में पाकिस्तानी सैन्यकर्मी तैनात थे।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, इस बार नेताओं ने भी जमकर होली खेली है।
चुहिया- हां जी, पहचानना मुश्किल है कौन भाजपा का है और कौन कांग्रेस..!

धरती से आए साथियों को देख खुशी से झूम उठीं सुनीता

नई दिल्ली, 16 मार्च (न्यूज चैनल)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया।

इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा। विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। दोनों एक सप्ताह के लिए ही गए थे लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं।

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आने वाले कुछ दिनों तक नए अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देंगे। संभावना है कि इस सप्ताह के अंत तक वे स्पेसएक्स कैप्सूल के माध्यम से पृथ्वी की ओर लौटेंगे। नासा के अनुसार, यदि मौसम अनुकूल रहता है, तो स्पेसएक्स कैप्सूल बुधवार से पहले अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होकर फ्लोरिडा के तट पर लैंड करेगा।